तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024

12 इस माह 15 तारीख तक ही बजेगी शहनाई, फिर नवंबर में मुहूर्त



11 आत्मानंद स्कूल घोटिया के टॉपर बच्चों के लिए इस ...





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# मियाद खत्म होने के 3 साल बाद भी नहीं बनी सड़क, परेशान ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परियोजना एडीबी अंतर्गत अंडा-रनचिरई से जामगाँव मार्ग का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य के लिए 63.29 करोड़ की स्वीकृति 23.56 किलोमीटर सड़क के लिए जारी हुआ था। जिसका निर्माण कार्य अगस्त 2019 में जारी हुआ था और 20 महीने की अवधि में कार्य पूर्ण करने का समय दिया गया था, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इसलिए सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाए है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रनचिरई में सड़क निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए संबंधित विभाग के द्वारा सड़क का रूट बदला जा रहा है, जबकि ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए अपना जमीन देने तैयार है। इसके कारण संबंधित विभाग को प्रभावितों ने सहमति प्रदान की है और मुआवजा राशि के लिए दो बार वर्ष 2016–17 और 2021 में आवश्यक दस्तावेज एडीबी में जमा किया गया है। बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा सड़क निर्माण की रूप रेखा बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

## कलेक्टोरेट पहुंचकर की शिकायत, निर्माण शीघ्र पूर्ण करवाने का किया आग्रह

### पुरानी सड़क छोड़ रूट बदलने का प्रयास

ग्रामीण अजय कुमार साहू ने बताया कि पूरी सड़क में मात्र आधा किलोमीटर सड़क रनचिरई का ही अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीण पुरानी सड़क के सर्वे आधार पर अपनी जमीन देने के लिए तैयार है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा पुरानी सड़क को छोड़ सड़क को डायवर्ट कर रूट को बदलने का प्रयास किया जा रहा है जिससे हम सभी ग्रामीणों को आपत्ति है।



### कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने का आरोप

ग्रामीण भेमराज साहू ने बताया कि कुछ लोगों को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए संबंधित विभाग द्वारा सड़क मार्ग की दिशा को बदलने का प्रयास किया जा रहा है, जो अनुचित है। इसके बावजूद जब ग्रामीण अपना जमीन सड़क निर्माण के लिए मुआवजा पर देने को तैयार है। इसलिए ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण को लेकर विरोध जारी है।

## सोमवार को कोतवाली थाना परिसर में लोगों को दी गई नए कानूनों की जानकारी

# अब आनलाइन भी दर्ज करा सकते हैं रिपोर्ट तीन दिन में थाना पहुंचकर करना होगा हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

सोमवार को कोतवाली थाना परिसर में थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय और एसडीओपी देवांश सिंह राठौड़ ने नए कानूनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। थाना परिसर में नवीन कानून जागरूकता अभियान चलाकर कॉलेज के विद्यार्थियों, आमजनता तथा कोटवारों को भी नए कानूनों के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान एसडीओपी देवांश सिंह राठौड़ द्वारा जानकारी दी गई कि अपने साथ हुए कोई भी घटना दुर्घटना के संबंध में कोई भी थाना में रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं, यह जरूरी नहीं कि आप जिस क्षेत्र के हैं उसी क्षेत्र के थाना में ही रिपोर्ट लिखवाएंगे। उन्होंने कहा कि की घर बैठे भी ऑनलाइन के माध्यम से थाना में रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं, हालांकि तीन दिनों के भीतर हस्ताक्षर करने थाना पहुंचना अनिवार्य है। उन्होंने चोरी के सम्बंध में जानकारी देते हुए पीड़ित पक्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने का कार्य आसान होने की भी जानकारी आसान भाषा में बताते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के घर अगर चोरी होती है और वह घर से दूर कहीं बाहर मौजूद हैं, इस दौरान उनके पड़ोसी चोरी के सम्बंध में उन्हें जानकारी देंगे तो वह व्यक्ति घर पहुंचने से पहले ही जिस जगह पर होंगे, वहीं से एक लिंक के माध्यम से चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं, हालांकि उन्हें तीन दिनों के भीतर थाना आकर हस्ताक्षर करना होगा। लेकिन इस बीच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अपनी कार्यवाही शुरू कर देगी। पुलिस ने कई पुराने धाराओं में बदलाव हुए हैं, उनके बारे में भी जानकारी दी।






### एक जुलाई से लागू हो गए तीन नए कानून

आपको बता दें कि देश में 1 जुलाई से नए कानून लागू हुए हैं पुराने धाराओं को बदलकर नए धारा बनाए गए हैं। जिनमें कुछ महत्वपूर्ण धारा शामिल है। आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है। किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। हालांकि अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी। धारा 307 नए कानून के अस्तित्व में आने से पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी। धारा 376 दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। नए कानून में दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है। धारा 399 पहले मानहानि के मामले में आईपीसी की धारा 399 इस्तेमाल की जाती थी। मानहानि को भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 में रखा गया है। धोखाधड़ी या ठगी का अपराध 420 में नहीं, अब धारा 316 के तहत आएगा।

# सबको बुलाकर, नहीं पहुंचे कानून की जानकारी देने वाले



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

नगर पंचायत में तीन नए कानूनों की जानकारी देने के लिए जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, नागरिकों को बुलाकर स्वयं पुलिस विभाग नदारद हो गया। दो घंटे इंतजार के बाद भी जब कोई नहीं पहुंचा, तो सभी वापस चले गए। मामले की जानकारी एसडीएम को देने के बाद शाम चार बजे एसडीओपी राजेश बांगड़े नगर पंचायत पहुंचे एवं उन्होंने जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को नगर पंचायत गुरूर में दोपहर 12 बजे नगर पंचायत के पार्षदों, नगर वासियों एवं व्यापारियों को सोमवार से लागू तीन नए कानूनों की जानकारी देने के लिए बुलाया गया था। गुरूर थाना के निरीक्षक ▸▸| शेष पेज 11 पर

- नगर पंचायत में दो घंटे इंतजार के बाद लौट गए जनप्रतिनिधि, व्यापारी व अन्य नागरिक

### दिन भर नदारद रहे सीएमओ व इंजीनियर

जिला प्रशासन द्वारा एक सप्ताह पहले ही 1 जुलाई को गुरूर नगर पंचायत में तीन नए कानूनों की जानकारी के लिए कार्यशाला लगाने का निर्देश दे दिया गया था। लेकिन, उसके बाद भी नगर पंचायत के जिम्मेदार सीएमओ एवं इंजीनियर दोनो ही सोमवार को दिनभर नदारद रहे। नगर पंचायत में कोई भी यह नहीं बता पा रहा था कि आखिर दोनों हैं कहां, किस कार्य में व्यस्त हैं। जबकि दोनों ही फोन लगाने के बाद फोन नहीं उठा रहे थे। कार्यशाला को लेकर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने आवश्यक व्यवस्था की। मामले में एसडीएम पूजा बंसल ने कहा कि गंभीर मामला आ जाने के कारण पुलिस प्रशासन व्यस्त हो गया था। मैं मामले को लाईनअप करती हूं। सीएमओ इंजीनियर की अनुपस्थिति पर उन्होंने कहा कि मैं दिखवाती हूं।

**दो बजे तक कोई नहीं आया, तो सब चले गए : महिमा** : अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर महिमा साहू ने कहा कि हमें 12 बजे बुलाया गया था। नगरवासी ▸▸| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### शासकीय कॉलेज गुरुर में प्रवेश के लिए प्रथम चयन सूची जारी

**गुरूर।** स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में सत्र 2024–25 में प्रवेश के लिए प्रथम चयन सूची जारी कर दी गई है। बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष, डीसीए, पीजीडीसीए, एमए प्रथम सेमेस्टर राजनीति एवं भूगोल की कक्षाओं में प्रवेश के लिए 6 जुलाई तक प्रवेश की तिथि निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज 10वी, 12वी, टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र, माइग्रेशन, जाति, निवास, एंटी रैगिंग शपथ पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज की मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर सूची स्वतः समाप्त हो जाएगी।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 5 को

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 5 जुलाई को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### मकान में चोरी

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कोसानगर मराठी मोहल्ला सुपेला निवासी रंजना बोरकर सब्जी बेचती है। 25 जून की सुबह 8 बजे घर में ताला लगाकर अपने भाई के दशगात्र कार्यक्रम मेंदुर्ग गई हुई थी। 29 जून की सुबह अपने निवास पहुची तो मकान में ताला नहीं लगा था। मकान से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गया।

### पहले में आग से महिला झुलसी, दूसरे में आटो पार्ट्स दुकान में लगी आग



**भिलाई।** दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने का हादसा हुआ। एक शॉर्ट सर्किट से ऑटो पार्ट की दुकान में आग लग गई। जहां सारा सामान जलकर खाक हो गया। वहीं दूसरी घटना में एक महिला बुरी तरह झुलस गई। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक चरोदा बस्ती में दाउ रामकमल नारायण चौक के पास जगेश्वरी यादव नामक महिला गोबर के उपलों में मिट्टी तेल डालकर आग लगा रही थी। तभी ध्यान नहीं दे पाने से आग अचानक भभक गई। हादसे में महिला बुरी तरह झुलस गई। आसपास के लोगों ने महिला को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। जहां उसे बर्न यूनिट में रखा गया है। दूसरी घटना सुपेला थाना क्षेत्र के गदा चौक के समीक की है। कृष्णा ट्रेडर्स की ऑटो पार्ट्स की दुकान में शनिवार रात दुकान में शार्ट सर्किट होने से सारा सामान जलकर खाक हो गया।

# लड़के ने की आत्महत्या, अंतिम संस्कार को लेकर हुआ विवाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी में ओमप्रकाश भुरकुरिया (हल्बा) के इकलौते बेटे 16 वर्षीय रोशन भुरकुरिया ने रविवार को दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मिली जानकारी पर गुरुर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव बरामद किया। उधर, मृतक के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीण मृतक का अंतिम संस्कार गांव के सार्वजनिक मुक्तिधाम में करने का विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप था कि मृतक ने हिन्दू धर्म छोड़ दूसरा धर्म अपना लिया है। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिजन मृतक का अंतिम संस्कार अपनी निजी भूमि पर करें। गुरुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोशन भुरकुरिया (हल्बा) कक्षा 9वीं का छात्र था। रोशन ▸▸| शेष पेज 11 पर

- इसाई धर्म अपना लेने के कारण ग्रामीणों ने सार्वजनिक मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार का किया विरोध

# प्राथमिक शाला खर्रा में शिक्षकों की कमी, कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण



**बालोद।** जिले के गुरूर ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम खर्रा के शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल में शिक्षक की कमी बनी हुई है। लेकिन, शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई है। इसलिए ग्रामीण शिक्षक मांग को लेकर सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंच गए।

मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला खर्रा में कक्षा पहली से कक्षा पाँचवी तक 78 बच्चे अध्यनरत हैं। लेकिन, स्कूल में सिर्फ दो ही शिक्षक हैं। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ सकता है। इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि स्कूल में एक अन्य शिक्षक की नियुक्ति की जाए, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और सुचारु रूप से चल सके।

ग्रामीण उत्तम साहू ने बताया कि वर्ष 2020 से दो सहायक शिक्षकों के भरोसे स्कूल संचालित है, जबकि ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में कई बार प्रशासनिक स्तर पर शिक्षक की मांग के लिए निवेदन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 4 साल बीत जाने के बावजूद अब तक शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई है। इसलिए ▸▸| शेष पेज 11 पर

# दुकानदारों को दिया गया डस्टबिन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत रिसामा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित मन की बात कार्यक्रम सुना गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया तथा दुकानदारों को गीला कचरा एकत्रित करने के लिए डिब्बा प्रदान किया। ग्राम पंचायत द्वारा प्रत्येक दुकानदार को डस्टबिन दिया गया, ताकि गाँव में स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही मरणोपरांत देहदान करने वाले पति-पत्नी मिथलेश यादव व सुनीता यादव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, युवा मोर्चा महामंत्री डीलेश साहू, अध्यक्ष प्रवीण यदु, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, लेखूदास सरपंच गीता महानंद, राजेन्द्र साहू, हेमूदास साहू, रामदास साहू, बैकुंठ महानंद, लुकेश, उमेन्द्र, दिवस, तेशुराम, पूर्णिमा, बुधारपाल, रेखराम, गोहाराम, आशीष, रोशन, मानसिंह, किरण ठाकुर, नीलेश्वरी, सुनीता, मिथलेश, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जमीन को लेकर विवाद होने के कारण सामने आने लगी मारपीट की घटनाएं

# मानसून शुरू होने के साथ ही किसानों में बढ़ा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में मानसून लगने के साथ ही खेतों में कार्य के दौरान किसानों के बीच विवाद से लेकर मारपीट जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

इस माह अब तक किसानों द्वारा आपस में ही मारपीट करने का एक दर्जन से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। जमीन विवाद के कारण यह स्थिति लगभग हर साल बनती है पर शासन प्रशासन द्वारा इसको लेकर कोई प्रभावशाली निराकरण नहीं किया जा रहा है।

ताजा मामला अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरी में विवादित जमीन पर धान बुआई को लेकर दो परिवारों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। खेत में हुए मारपीट की घटना थाना तक पहुंच गई, जिसके बाद दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर अर्जुन्दा थाने में चार लोगों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 बी व दो लोगों के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में भी मारपीट का मामला

*ग्राम देवरी द निवासी किसान माखन ने बताया कि 26 जून को सुबह देवरी द छोटे पारा गया था। जब वापस घर आ रहा था तब सुबह 6.30 बजे गौठान के पास शरद साहू मिला जो मुझे बोला कि मेरे खेत में जिधर से ट्रैक्टर जाने का रास्ता नहीं है, उसमें अपने रेग के खेत की जुताई करने ट्रेक्टर को क्यों ले गये थे, कहकर आम जगह पर गालियां देकर मारपीट किया। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मारपीट करने वाले गांव के ही शरद साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।*

### हर साल इसी तरह के दर्जनों मामले आते हैं सामने

*मानसून की दस्तक के बाद किसानी कार्य में जुटे किसानों का आपस में इसी तरह के विवाद और मारपीट के दर्जनों मामले थाना तक पहुंचता है। जिस पर पुलिस द्वारा काउंटर केस करने के बाद किसान आपस में ही समझौता कराकर वापस लौट जाते हैं। हालांकि कई ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिसमें हत्या भी हो चुके हैं वहीं कई गम्भीर रूप से जख्मी भी हुए हैं।*

शिकायतकर्ता पूर्णिमा ने बताया कि ग्राम टिकरी बांध के नीचे खेत है, जिसका केस न्यायालय में चल रहा है। खेत में धान बुआई की जानकारी मिलने के बाद जेठानी अनिता के साथ मौके पर पहुंची, इस दौरान वहां पहले से मौजूद बिमला रामटेके को धान बुआई करने से मना करने पर धक्का मुक्की कर मारपीट करने लगी। जेठानी अनिता बीच बचाव करने आई तो उसे भी बिमला बाई ने पीटा। कुछ देर बाद बिमला का बेटा लोकेश आया और खेत में धान बुआई नहीं करने दे रहे हो कहकर जेठानी अनिता से मारपीट की। जबकि बिमला बाई ने बताया कि 28 जून को सुबह करीब 8 बजे टिकरी बांध के नीचे खेत में धान की बुआई कर रही थी। इस दौरान अनिता, पूर्णिमा, दिग्विजय, बलराम हमारे खेत में धान बुआई कर रहे हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट की।

### धान बोआई, विवादित जमीन सहित पानी भी मारपीट का कारण

किसानों से मिली जानकारी के अनुसार धान बुआई की शुरुआत होते ही कई किसान ट्रेक्टर को खेत तक ले जाने पगडंडियों को तोड़ देते हैं। कई किसान साफ सफाई के दौरान कचरे को बगल के खेत में डाल देते हैं। तो वहीं कई किसान पानी की कमी या पानी अधिक होने पर अपने खेत में पानी डालने या पानी को बाहर निकालने मेंड़ को तोड़ देते हैं, जिससे बगल के खेत मालिकों को दिक्कत होती है। वहीं, कई ऐसे खेत हैं जो विवादित हैं, यानि की एक ही परिवार के या अन्य के साथ खेत में बुआई के लिए विवाद चल रहा है जिसके कारण मारपीट की घटना होती है।

### थाना सनौद में नए कानूनों की दी गई जानकारी



**गुरूर।** थाना सनौद द्वारा तीन नए कानून की जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में नए कानूनों के बारे में आम जनता को जानकारी दी गई तथा इसके कई फायदे तथा सुविधाओं के बारे में भी बताया गया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# स्टेशन के कैंटीन के किचन में लगी आग, बाहरी हिस्सा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

रेलवे आगजनी के मामले को लेकर बेहद गंभीर है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे जोन से लेकर मंडल तक सभी वर्ग के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि जब भी आगजनी की घटना हो, तत्काल समय रहते उस पर काबू पाया जा सके, लेकिन रेलवे के इस प्रयास से रायपुर मंडल में अभी तक कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है।

बीते चार महीने में रेलवे स्टेशन में 3 बार आग लगने घटना सामने आ चुकी है। इसमें एक को छोड़कर बाकी सभी मामलों में आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की मदद ली गई। शुरुआती आग को काबू पाने के लिए रेलवे से जुड़ा कोई कर्मचारी अग्निशमन यंत्र लेकर नहीं पहुंचा, जबकि टीटीई से लेकर वाणिज्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

रविवार को भी आईआरसीटीसी के कैंटीन किचन में लगी आग लग गई, जिससे किचन के 40 फीसदी बाहरी हिस्सा जलकर खाक हो गया है। जानकारी के मुताबिक, कैंटीन के कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र की मदद से आग बुझाई। किचन में खाना बनाते वक्त आग लगने का कारण बताया जा रहा है। जिस वक्त आग लगी, कैंटीन में यात्री खाना खा रहे थे। आग की लपटें बढ़ते देख यात्री कैंटीन से प्लेटफार्म की ओर भागे। मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी ने मोर्चा संभाला तथा आग पर काबू पाया।

**खास बातें**

- चार माह में तीन बार आगजनी से रेलवे को हजारों का नुकसान, एक बार ही अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल
- गत 5 मई को स्टेशन के वेटिंग हॉल में शार्ट सर्किट से लगी थी आग



### रेलवे ने कहा- कुकिंग स्टाफ की लापरवाही

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर आरआर के किचन रूम में दोपहर लगभग 3.10 बजे आग लगने की घटना हुई। प्रथम दृष्टया आग कुकिंग स्टाफ की लापरवाही के कारण लगी। आग फ्राइंग पैन में तेल से लगी और लापरवाही के कारण चिमनी के एग्जॉस्ट डक्ट के माध्यम से स्टेशन बिल्डिंग के बाहर फैल गई। स्टेशन और आरआर स्टाफ ने अग्निशामक यंत्र का उपयोग करके 20 मिनट में ही आग पर काबू पा लिया। कोई भी मानवीय क्षति नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप



### मोवा के बड़े तालाब किनारे पौधारोपण

**रायपुर।** प्रगति ग्रीन संस्था द्वारा कुल 251 पेड़ लगाए जाने एवं उन्हें संरक्षित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत इस सत्र का प्रथम पौधारोपण मोवा स्थित बड़े तालाब में रविवार को किया गया, जहां कुल 21 नग पौधे लगाए गए। संस्था द्वारा विगत 6 वर्षों से पौधारोपण किया जा रहा है तथा अब तक करीब 5 हजार से ऊपर लगाए गए पौधों ने वृक्षों का रूप ले लिया है। संस्था के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय साहू, संदीप सिंघानिया, सुरेंद्र पटले, पिंटू जंघेल, असीम शर्मा, अनिल पटेल, अभिषेक सक्सेना, दीपेश बघेल, अरविंद वर्मा, प्रकाश राठौर, नीलेश सोनी एवं स्थानीय क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### नए कानून से न्याय की नई उम्मीदें

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून से देश की जनता को नई उम्मीदें हैं। भारतीय न्याय व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने से न्याय व्यवस्था को नई चुनौती का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज से तीन नए आपराधिक कानून देशभर में लागू हो जाएंगे। ब्रिटिश काल में लगभग 160 साल पहले बने कानून आईपीसी भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता और आईईए भारतीय साक्ष्य अधिनियम अब बदलकर बीएनएस भारतीय न्याय संहिता, बीएनएसएस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और बीएसए भारतीय साक्ष्य अधिनियम हो जाएगा। नए कानून में कड़े प्रावधान के साथ कठोर सजा की व्यवस्था की गई है, पहली बार बीएनएस की धारा 111 में संगठित अपराध, धारा 113 में आतंकवाद, धारा 304 में झपटमारी की परिभाषा दी गई है, राजद्रोह को हटाकर देशद्रोह जोड़ा गया।

### आमानाका ब्रिज के नीचे बनेगा वेंडिंग जोन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की सड़कों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में अब आमानाका ओवरब्रिज के नीचे कब्जों को हटाकर वहां वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे के नीचे संकरी सड़क के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इसे देखते हुए इस सड़क का भी चौड़ीकरण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रविवार को निगम के अन्य अधिकारियों के साथ शहर के कुछ इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे पहले आमानाका ओवरब्रिज पहुंचे, जहां ब्रिज के नीचे अवैध कब्जों को तत्काल हटाने के साथ ही वहां वेंडिंग जोन बनाने के लिए कहा है। आयुक्त ने तेलीबांधा क्षेत्र का भी जायजा किया। इस दौरान उन्होंने एक्सप्रेस-वे के नीचे सड़क पर आए दिन ट्रैफिक समस्या को देखते हुए इस सड़क के चौड़ीकरण का जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। सड़क चौड़ीकरण के बाद इस सड़क पर ट्रैफिक की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ उज्जवल पोरवार, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, एसडीएम नंदकुमार चौबे, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जैन दादाबाड़ी में 750 दिव्यांगों को मिली खुशी, संस्था के कार्यों को सीएम ने सराहा

# कृत्रिम अंग पहनकर बढ़ी आस, दिव्यांगों ने की परेड, फुटबॉल-बैडमिंटन भी खेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिले से 750 दिव्यांग परिजनों के साथ पहुंचे। इससे जैन दादाबाड़ी में उत्साह का माहौल दिनभर रहा। संस्थान ने निशुल्क शिविर में दिव्यांगों को अपर-लोवर कृत्रिम अंग और कैलिपर्स लगाकर रुकी हुई जिंदगी को फिर से हौसले की उड़ान दी गई। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया। कृत्रिम अंग पहनने के बाद कई दिव्यांगों ने परेड की तो कुछ ने फुटबॉल खेलने का प्रयास किया।

### संस्था के प्रति जताया आभार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संस्था राजस्थान से चलकर प्रदेश के दिव्यांगों का जीवन संवारने की भावना से आई है। इनका मैं अभिनंदन करता हूं। संस्थान को रायपुर में केंद्र संचालन के लिए सरकार की ओर से हर तरह से मदद दी जाएगी।

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से आए दिव्यांगों से मिले और उनसे बात की। इस दौरान सीएम के मीडिया सलाहकार पंकज झा, समाजसेवी मीरा और संजना भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का मानव यज्ञ के लिए आभार प्रकट किया।







### हौसले देख खुश हुए परिजन

संस्था के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, मीडिया प्रभारी भगवान प्रसाद गौड़ ने अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा से स्वागत किया। साथ ही एक मुट्ठी आटे से शुरू हुई संस्था से जुड़ी अब तक की सेवाओं के बारे में अतिथियों को बताया। 17 मार्च को रायपुर में कैंप किया गया था, जिसमें 1200 से ज्यादा पीड़ित आए थे। इनमें से 756 दिव्यांगों को नारायण लिम्ब व कैलिपर्स के लिए चयनित किया गया। आज उन्हें नई जिंदगी मिल रही है। समारोह में कृत्रिम अंग पहनकर दिव्यांगों ने परेड की, फुटबॉल और बैडमिंटन भी खेला। इन दिव्यांगों के हौसले और जज्बे को देखकर परिजन भी खुश नजर आए।

## भावी शिक्षकों से पूछे मानसून और धन व वित्त विधेयक में समानता से संबंधित सवाल



**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो पालियों में बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। शिक्षक भर्ती नियमों में बदलाव के कारण इस बार बीएड से अधिक आवेदन डीएलएड के लिए मिले थे। प्री बीएड के लिए 2 लाख 53 हजार 649 कैंडिडेट ने आवेदन किया था। इनमें से 62.30 प्रतिशत अभ्यर्थी ने परीक्षा दिलाई। इसी तरह से प्री डीएलएड के लिए 3 लाख 5 हजार 629 ने फॉर्म भरा था। इनमें से 64.60 प्रतिशत ने परीक्षा दिलाई। आवेदन संख्या को देखते हुए प्रदेश के 32 जिलों में केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में बीएड के लिए 58 तथा डीएलएड के लिए 51 केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में बीएड के लिए 24 हजार 379 तथा डीएलएड के लिए 22 हजार 132 ने पंजीयन कराया था। राजधानी में बीएड में उपस्थिति प्रतिशत 59.1 तथा डीएलएड में उपस्थिति प्रतिशत 58.1 रहा। खबर लिखे जाने तक किसी तरह का नकल प्रकरण अथवा गड़बड़ी व्यापम के संज्ञान में नहीं आया था।

### यूनेस्को रिपोर्ट से जुड़े प्रश्न भी

पहली पाली में बीएड की परीक्षा हुई। इसमें गणित तथा एप्टिट्यूड के सवाल उलझाने वाले रहे। बीएड परीक्षार्थियों से बाल गंगाधर के जेल जाने के वर्ष, राष्ट्रीय जलमार्ग, धन व वित्त विधेयक में समानता, विभिन्न समाचार पत्र के नाम व उनके संपादक, भारतीय मानसून से जुड़े कथन, आरटीई, करेवा, रचनात्मक आकलन, यूनेस्को रिपोर्ट के अनुसार सीखने के चरण, शिक्षा मनोविज्ञान तथा इससे जुड़े विविध तरह के सवाल पूछे गए।

## भाठागांव में रिंगरोड के दोनों तरफ बने नाले कई जगहों से धंसे, बारिश में बढ़ेगी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाठागांव से मठपुरैना तक रिंगरोड नंबर-1 के दोनों तरफ बना लंबा सीमेंटेड नाला कई जगह से धंस गया है। साथ ही नाला निर्माण की गुणवत्ता की पोल भी खुल गई। बताया जा रहा है कि इन दोनों नालों को बने कुछ साल ही हुए हैं, लेकिन जबसे बने हैं, तब से कई बार नाले कई जगह से धंस चुके हैं। इस कारण इन नालों की बार-बार मरम्मत करानी पड़ती है।

- गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते धंस रहे नाले

सूत्रों के अनुसार भाठागांव बस स्टैंड बनने के बाद रिंगरोड और सर्विस रोड के दोनों तरफ भाठागांव से लेकर मठपुरैना तक बड़े दो नाले बनाए गए हैं। इन नालों का निर्माण बारिश के दिनों में रिंगरोड और सर्विस रोड में भरने वाले पानी की निकासी के लिए किया गया है। इन नालों के बनने के बाद से बारिश का पानी सड़कों से सीधे नालों में चला जाता है, जिससे सड़क में पानी का भराव या जमाव नहीं होता। इन नालों का निर्माण होने से बारिश के पानी के भराव से तो छुटकारा मिल गया, लेकिन नालों के घटिया निर्माण के कारण बारिश के पहले ही ये नाले जगह-जगह से धंस जाते हैं। इसके कारण इन नालों की हर बार मरम्मत करानी पड़ती है। बारिश का सीजन अभी शुरू ही हुआ है और इससे पहले ही दोनों नाले कई जगह से धंस चुके हैं।

### मरम्मत में देर, बारिश में बढ़ेगी दिक्कत

अनेकों जगह से धंस चुके इन दोनों नालों की मरम्मत का काम काफी धीमा चल रहा है। इसके कारण बारिश के दिनों में यहां परेशानी बढ़ सकती है। रिंगरोड पार करने के लिए कई लोग इन खुले नालों के ऊपर से गुजरते हैं। इसके अलावा आवारा जानवर भी नाला पार कर रोड क्रॉस करते हैं, जिसके कारण नालों में गिरकर कोई भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है।

## प्रवासी नर बाघ के लिए बाघिन तलाशने वन अफसर पहुंचे ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार वनमंडल के बार नवापारा में महासमुंद के रास्ते आए प्रवासी बाघ को चार महीने हो गए हैं। वर्तमान में बाघ का विचरण क्षेत्र बार नवापारा अभयारण्य के आसपास ही है। बाघ की सुरक्षा के लिए कई तरह की कवायद की जा रही है। बाघ के चार महीने से ज्यादा समय तक बार नवापारा में रहने के बाद वन अफसरों को बाघ के यहां स्थायी रूप से रहने की उम्मीद जागी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल बाघ की साथी तलाश करने महाराष्ट्र स्थित ताडोबा-अंधारी नेशनल पार्क पहुंचे हैं।

- कई प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद बाघ लाने का रास्ता साफ होगा
- प्रक्रिया पूरी करने में लग सकता है कम से कम एक साल




सूत्रों के मुताबिक तीन दिन पूर्व पीसीसीएफ बाघ के लिए साथी तलाश करने ताड़ोबा गए हैं। वहां के वन अफसरों से संपर्क कर बाघिन देने सहमति बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में वन अफसरों से संपर्क करने पर वे किसी भी तरह से पुष्टि करने से बच रहे हैं। गौरतलब है कि बाघ की बार नवापारा में मौजूदगी को देखते हुए पन्ना टाइगर रिजर्व के सेवानिवृत्त फील्ड डायरेक्टर वी. श्रीनिवास मूर्ति की मदद ली जा रही है। इसके लिए पिछले दिनों श्री मूर्ति बार नवापारा के जंगल देखने के लिए भी गए थे।

### बाघिन लाने प्रक्रिया से गुजरना होगा

बाघिन लाने वन अफसरों को कई प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी। ताडोबा के अफसरों द्वारा बाघिन देने राजी होने के बाद पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ एनटीसीए को पत्र लिखेंगे। इसके बाद एनटीसीए उस पत्र को अपने उच्चस्तरीय समिति को भेजेगा। समिति बार नवापारा में बाघ के अनुकूल प्री-बेस का अध्ययन करने आएगी। इसके बाद एनटीसीए को इस संबंध में जानकारी देगी। बाघिन लाने वन विभाग को स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड से भी अनुमति लेनी होगी।

### अनुमति मिलने के बाद करेंगे चयन

एनटीसीए, स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद बाघिन का चयन किया जाएगा। बाघिन के चयन होने के बाद उसकी दो से तीन महीने मॉनिटरिंग की जाएगी। ये प्रक्रिया पूरी होने के बाद मामला एक बार फिर एनटीसीए के पास जाएगा। इसके बाद एनटीसीए पुनः बाघिन लाने की प्रक्रिया पूरी करने उच्चस्तरीय समिति के पास भेजेगा। तब कहीं जाकर बाघिन लाने की प्रक्रिया पूरी होगी। **सबकुछ एनटीसीए पर निर्भर** : बाघ के लिए साथी की तलाश करने वन अफसर ताडोबा गए हुए हैं, वहां सबकुछ ठीकठाक रहा तो भी एनटीसीए चाहे तो ताडोबा से बाघिन लाने अनुमति देने से इनकार कर सकता है। साथ ही किसी दूसरे टाइगर रिजर्व से बाघिन लाने के लिए कह सकता है। वन अफसरों द्वारा उच्चस्तरीय प्रयास करने पर ही बाघिन लाने का रास्ता साफ हो सकता है।

## पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सीएम साय ने रायपुर में सुना



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर के शांतिनगर स्थित स्वदेशी भवन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मुख्यमंत्री के सलाहकार पंकज झा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कर नई जानकारियां साझा करते हैं। उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्री ने केरल की अट्टापड़ी गांव की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे मारथुंबी छाते का जिक्र करते हुए कहा, उनके छाते को एक ब्रांड मिल गया है तथा उनके उत्पाद में बढ़ोतरी हो गई है। आज हमारे देश में श्री मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में विशेष अवसर प्रदान हो रहे हैं, जिससे खिलाड़ी देश और विदेश में परचम लहरा रहे हैं।

## जांच में लापरवाही, 14 विवेचकों को आईजी का शो-कॉज नोटिस

**रायपुर।** दोषमुक्त प्रकरणों की रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने रविवार को समीक्षा बैठक बुलाई। दिनभर चली बैठक में धमतरी तथा गरियाबंद जिले के दोषमुक्त प्रकरणों की आईजी ने समीक्षा की। एनडीपीएस, पॉक्सो, यूएपीए, हत्या, आईटी एक्ट के 14 प्रकरणों की जांच में गंभीर लापरवाही बरतने वाले विवेचकों को आईजी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आईजी द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में गरियाबंद डीआईजी अमित तुकाराम कांबले, धमतरी एसपी आंजनेय वार्ष्णेय, डिप्टी डायरेक्टर पूर्णिमा तिवारी, दिनेश गिरी, प्रभारी उप संचालक हिना यास्मीन खान, जिला अभियोजन अधिकारी शीतल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। आईजी के अनुसार किसी भी अपराध की जांच के दौरान कई ऐसे मामले आते हैं, जिसमें पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्य कोर्ट में बेहद अहम होते हैं। ऐसे में अगर विवेचना अधिकारी लापरवाही करता है तो इसका सीधा फायदा कोर्ट से आरोपी को मिलता है। जिस वजह से वह मामले में आसानी से दोषमुक्त हो जाता है। विवेचकों के लिए आईजी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि जांच में विवेचकों द्वारा किसी भी तरह से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- समीक्षा बैठक में आईजी ने धमतरी, गरियाबंद जिले के विवेचकों को जारी किया नोटिस



## सभी नगरीय निकायों में प्री-ऑडिट के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में वित्तीय अनुशासन में कसावट लाने सभी आय एवं व्यय के प्री-ऑडिट के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिछली सरकार द्वारा ऑडिट प्रक्रिया बंद कर दिए जाने के कारण ऑडिट से रह गए विगत चार वर्षों की नस्तियों के पोस्ट ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों के साथ ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के यांत्रिकी प्रकोष्ठ तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण यानी सूडा का भी ऑडिट कराने कहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय निकायों में कड़े वित्तीय अनुशासन के लिए प्री-अंकेक्षण-सह-आंतरिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर सभी 184 नगरीय निकायों तथा दो राज्य कार्यालयों, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के यांत्रिकी प्रकोष्ठ और सूडा को भी प्री-अंकेक्षण-सह-आंतरिक अंकेक्षण एवं वैधानिक दायित्व के परिपालन के दायरे में लाते हुए सूडा द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

## सीए बनने करें मेहनत, इसमें आरक्षण की चुनौती नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीए की पढ़ाई को सबसे कठिन कोर्स में गिना जाता है, इसका रिजल्ट लगभग 1 प्रतिशत आता है। खास बात ये है कि इस कोर्स में मेहनत करके आगे बढ़ सकते हैं, क्योंकि इसमें आरक्षण नहीं होता। पढ़ाई के लिए की गई मेहनत हमेशा काम आती है। कुछ इसी तरह की यादें सीए अमित चिमनानी ने सीए डे पर साझा करते हुए बताया कि पढ़ाई के दौरान 3 साल बीमार रहे, लेकिन पढ़ाई नहीं छोड़ी। उन्होंने आगे बताया कि भाटापारा में पढ़ाई की शुरुआत करने के बाद कई शहरों में पढ़ाई की और 2010 में सीए बन गए।



सीए एसोसिएशन में एक्टिव रहते हुए 2013 में सीए कमेटी के भी सदस्य बने। कई पदों पर रहे श्री चिमनानी ने बताया कि सीए बनने के बाद एक्सपर्ट के रूप में जिम्मेदारी निभाई। 2015 में रायपुर सीए स्टूडेंट एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने के बाद सीए स्टूडेंट का विकास करने के लिए जी-जान लगा दिया और नतीजा ये हुआ कि पहली बार रायपुर को उनके अध्यक्ष रहते बेस्ट ब्रांच ऑफ इंडिया का खिताब मिला। 2016 में प्रोफेशन टू पॉलिटिक्स की यात्रा की शुरुआत करते हुए डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते 5 हजार दिन पूरे करने पर आयोजित कार्यक्रम को होस्ट किया। गायक, लेखक के रूप में भी पहचान बनाई।

## खबर संक्षेप



### पौधारोपण से ही संतुलित हो सकता है वातावरण

**रायपुर।** बसंत विहार कॉलोनी के साहू एवं पांडे परिवार के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे रोपित किए गए। दोनों परिवारों के सदस्यों ने बताया कि इन पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग भी लगाई जाएगी। अरुण पांडे ने बताया कि पौधारोपण से ही वातावरण को संतुलित किया जा सकता है। इस अवसर पर भास्कर साहू, अरुण पांडे एवं परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### बैज ने कहा- भाजपा सरकार में चल रही कमीशनखोरी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी भाजपा सरकार की पहचान बन गई है। बिना कमीशन के प्रदेश में किसी विभाग में कोई काम नहीं हो सकता। आबकारी, पीएचई, कृषि सभी विभागों में कमीशन के टार्गेट फिक्स हो गए हैं। अब तो लोग साय सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। श्री बैज ने कहा, आबकारी विभाग में अधिकारी दुकानों को कमीशन का टार्गेट दे रहे हैं, इसका वीडियो वायरल हो रहा है। राजनांदगांव के कांट्रेक्टर एसोसिएशन द्वारा जल जीवन मिशन योजना में ठेकेदारों को भुगतान के एवज में पीएचई विभाग के ईई और एसडीओ द्वारा 10 प्रतिशत की कमीशन मांगे जाने की लिखित शिकायत विगत 2 अप्रैल को जल जीवन मिशन के प्रदेश संचालक से की है। डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने उक्त शिकायत पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

### डीएपी की कमी, बता रहे दूसरी खाद का विकल्प



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी के सीजन में खाद-बीज की मांग तेज होने के साथ ही इसकी कमी की जानकारी भी सामने आती रहती है। दूसरी ओर सहकारिता क्षेत्र से लगातार दावा किया जा रहा है कि खाद-बीज की कोई कमी नहीं है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार भी गंभीर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अधिकारियों के निर्देश दे चुके हैं कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए, लेकिन मार्कफेड द्वारा जारी एक पत्र से ये सामने आई है कि खाद की कमी है। यही नहीं, किसान डीएपी 18:46 खाद की मांग कर रहे हैं तो उन्हें दूसरा विकल्प बताया जा रहा है। मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारी ने जिला सहकारी केंद्रीय बैक की नवापारा शाखा को एक पत्र भेजा है। यह पत्र अभनपुर क्षेत्र की कुछ सोसायटियों में किसानों की जानकारी के लिए नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। पत्र में कहा गया है कि नवापारा शाखा के लिए 200 मीट्रिक टन डीपीए खाद की मांग की गई। खरीफ वर्ष 2024 में डीएपी 18:46 की कमी की संभावना को देखते हुए विकल्प के रूप में एसएसपी एवं एनपीके उर्वरक का उपयोग किया जाना है। जिन समितियों में डीएपी की कमी है, उन समितियों में वैकल्पिक खाद एसएसपी एवं एनपीके के उर्वरक के लिए समितिवार मांग देंगे।

## आयोजन : शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अतिथियों ने की घोषणा

# आत्मानंद स्कूल घोटिया के टॉपर बच्चों के लिए इस वर्ष होगी पुरस्कारों की बौछार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्व दुलसिया कचलाम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम विद्यालय घोटिया में संयुक्त रुप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति सेजेस घोटिया भोजराम साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य डीएस वर्मा ने की। विशेष अतिथि सरपंच घोटिया ममता मंडावी, नरोत्तम दास साहू व संस्था प्रमुख एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। खिलेश्वरी, मुनेश्वरी, नीधि, श्वेता साहू, कुमालिका ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। समस्त अतिथियों एवं पालकों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का मिठाई खिला व गुलाल लगा कर स्वागत किया गया।

- दसवी व बारहवीं में 91 प्रतिशत लाने वाले को मिलेगा सिल्वर मेडल
- प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों के लिए 5-5 हजार रूपए नकद पुरस्कार की घोषणा

नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि भोजराम साहू ने कहा कि प्रवेश होने के साथ बच्चे पढ़ाई करें। अनुशासन में रहकर विद्यालय आयें। संस्था प्रमुख डीएस वर्मा ने कहा कि शाला में नियमित रूप से उपस्थित होकर पढ़ाई करें। अभी से मेहनत करें। शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा दसवी व बारहवीं में 91 प्रतिशत लाने वाले छात्र छात्राओं को नरोत्तम यदु व्याख्याता संस्कृत द्वारा रजत मेडल देने की घोषणा की। वहीं, 90 प्रतिशत लाने वाले छात्र छात्राओं को संस्था प्रमुख डीएस वर्मा द्वारा एक-एक हजार की राशि दिये जाने की घोषणा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराम साहू ने टाप टेन में आने पर प्रत्येक छात्र छात्राओं को पाँच-पांच हजार रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्था से डीएल ठाकुर, एन ठाकुर, के कृषाण, आरसी कौर, वाई सुधाकर, नरोत्तम यदु, एचएल सहारे, आरएस नेताम, बी अंजुम, पी मानकर, जेके यादव, टीके सिन्हा, एसके ठाकुर, एस ठाकुर, एनआर साहू, पी कविता, मीतारानी, खिलेश्वरी दर्रो, लता साहू, प्रशांत तिवारी, आरती मौर्य, दामिनी तारम, शशांक संतोषवर, परमेश्वर पटेल सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




## नेमीचंद जैन महाविद्यालय में दी गई कानूनों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

केंद्र सरकार के नए न्यायिक अधिनियम 2023 के प्रचार प्रसार के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य अरुण कुमार वी. की अगुवाई में शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा में किया गया। इस अवसर पर आपराधिक कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के साथ ही भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संदर्भ में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सत्र व्यवहार न्यायालय बालोद के अधिवक्ता अजय साहू अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, सत्र व्यवहार न्यायालय दल्लीराजहरा के अधिवक्ता राकेश द्विवेदी के साथ अधिवक्ता विनय यादव व नीतू सोनवानी शामिल थे। उन्होंने संक्षिप्त रूप से विभिन्न धाराओं, प्रावधानों, अधिनियमों में हुए संशोधनों के संबंध में जानकारी दी। प्राचार्य अरुण कुमार वी. ने आभार प्रदर्शन किया। प्राध्यापक डॉ. पी.के. सिंह ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कानूनों में संशोधन की आवश्यकता पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संयोजन व मंच संचालन राजेश कुमार ठाकुर ने किया। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. कविता सिंह, डॉ. ए. जॉन, कांती नेताम, अनिता ठाकुर, यामिनी देवी, ओमेश्वरी मंडावी व कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।



## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़रा में डॉक्टरों का किया गया सम्मान



**गुरूर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़रा में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में वहां के स्टाफ का सम्मान किया गया। जहां जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू ने स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर डॉक्टर के साथ उपस्थित स्टाफ को मिठाई प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कोरोना काल की याद दिलाते हुए डॉक्टर के साथ स्टाफ के महत्व को बताया।

## साहित्यकार विश्राम सिंह के उपन्यास पूजा के फूल का किया गया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

अंचल के साहित्यकार विश्राम सिंह चंद्राकर की आठवीं कृति उपन्यास पूजा के फूल का विमोचन रविवार को शारदा वाटिका गुण्डरदेही के वृहद सभागार में किया गया।

- रविवार को गुण्डरदेही में आयोजित कार्यक्रम में दो साहित्यकारों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं चिंतक रायपुर रूपनारायण सिन्हा थे, अध्यक्षता प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष कान्हा कौशिक ने की। विशेष अतिथि गीतकार सीताराम साहू श्याम, गीतकार गिरवर दास मानिकपुरी, राष्ट्रीय कवि संगम जिला बालोद के अध्यक्ष अखिलेश्वर मिश्रा और सेवानिवृत्त प्राचार्य डीआर साहू थे। पूजा अर्चना के बाद दो साहित्यकारों का सम्मान किया गया। गीतकार प्यारेलाल देशमुख निकुम को सरस साहित्य सम्मान 2024 एवं गीतकार शिव कुमार अंगारे मटिया को स्वर्गीय रामसेवक कौमार्य स्मृति सम्मान 2024 प्रदान किया गया।





दोनों को उनके ही प्रसिद्ध गीतों की धुन पर शब्दों को पिरोकर काव्य मय अभिनंदन किया गया। पूजा के फूल उपन्यास के लेखक चंद्राकर का सम्मान किया गया। भूमिका लेखक सीताराम साहू श्याम ने कृति की कथावस्तु पर प्रकाश डाला। वहीं, गीतकार गिरवर दास मानिकपुरी, अखिलेश्वर मिश्रा, टीआर साहू, कोरबा से पहुंचे गीता विश्वकर्मा ने बादल पर अपनी रचना प्रस्तुत की, मुख्य अतिथि सिन्हा ने साहित्यकारों के समाज सुधार की जिम्मेदारी का एहसास कराया।

अध्यक्ष कान्हा कौशिक ने कहा कि ग्राम्य जन जीवन में साहित्य के प्रति ऐसा अनुराग प्रशंसनीय है, जन सहयोग का ऐसा सैलाब किसी भी कृतिकार को नई ऊर्जा देता है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक, कर्मचारी, आंगनबाड़ी की बहनें, कोटवारों का समूह, बड़े बुजुर्गों का वर्ग तथा मातृ शक्तियां विशेष रूप से उपस्थित रहीं।


प्रेरणा साहित्य समिति बालोद से गोरेलाल शर्मा, जयकांत पटेल, एसएल गंधर्व, पुष्कर सिंह राज, लव कुमार सिंह, मधुर साहित्य परिषद वालोद से देवनारायण नगरिया, दिनेंद्र दास, शारदा साहित्य समिति से दिनेश्वर चंद्राकर, तुलसीराम देशमुख, नवदीप साहित्य समिति अर्जुंदा से दिगेंद्र साहू, रचना साहित्य समिति गुरुर से पुनुराम, भारत बुलंदी सरस, साहित्य समिति से अध्यक्ष द्रोण सारवा, गजपति राम साहू, रमेश यादव, माखन साहू, कृष्णा दीप, विजय टंडन, योगेश छत्तीसगढ़िया, थानमल जैन, पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, भिलाई से पधारे बुद्ध सेन शर्मा, इंद्रजीत दादर, राजकुमारी, ललित साहू, चेतराम साहू, धनाराम साहू, सिया राम साहू, भानुमति साहू, नवल कौमार्य, विश्राम चंद्राकर के परिवार पुष्पा चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, शालिनी चंद्राकर, बेनी राम, पवन यादव, विष्णु महादेव, पूजा बाफना, दशरथ कोसरिया, प्रमोद जैन, अश्विनी यादव सहित बड़ी सख्या में महिलाए व समाज सेवियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन केशव साहू ने किया।

## किसान की कृषि भूमि पर सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर जाने वाली सड़क के निर्माण कर रहे निर्माण एजेंसी व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों की लापरवाही से आदिवासी कृषक की कृषि भूमि पर ही सड़क का निर्माण करा दिया गया। कुसुमकसा निवासी कृषक मुकेश माहला एवं हंसलाल माहला की ग्राम करियाटोला में मुख्य मार्ग से लगा हुआ कृषि भूमि है। सड़क निर्माण के दरम्यान भी कृषक निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों को अपने कृषि भूमि में सड़क निर्माण नहीं करने का निवेदन किया था किंतु निर्माण एजेंसी के कर्मचारी आदिवासी कृषक के निवेदन को दरकिनार कर राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा में सड़क निर्माण करा रहे हैं, करके आदिवासी कृषक की कृषि भूमि पर ही सड़क का निर्माण करा दिया गया।

- झलमला से कुसुमकसा मार्ग पर सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप
- सीमांकन के दौरान जानकारी मिलने पर किसानों ने जताई नाराजगी



आदिवासी कृषक द्वारा अपनी जमीन का सीमांकन कराने अतिरिक्त तहसीलदार दल्लीराजहरा को आवेदन दिया था। सीमांकन के लिए दिए गए आवेदन के परिप्रेक्ष्य पर शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक कुसुमकसा पटवारी के साथ आवेदक आदिवासी कृषक के कृषि भूमि पहुंचे, जहां कृषि भूमि के सीमांकन में हँसलाल माहला की जमीन निर्मित सड़क के किनारे आई। वहीं, मुकेश माहला की कृषि भूमि की सरहद पर भी सड़क का मुरूम पत्थर डाला हुआ था। कृषकों ने अपनी जमीन का नापजोख होने व उनकी कृषि भूमि में सड़क का निर्माण होने की जानकारी मिलते ही उग्र हो गए तथा पूल के पास काम कर रहे निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों से डाली गई मिट्टी, मुरूम, बोल्डर सहित अन्य सामग्री को जल्द निकालने की बात कही किंतु निर्माण एजेंसी के कर्मचारी कृषि भूमि में डाली गई मटेरियल को बिना निकाले चले गए।

### जमीन अधिग्रहित किए ही निर्माण

डा देवेंद्र माहला प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी एवं केन्द्रीय अध्यक्ष आदिवासी हल्बा हलबी समाज ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के निर्माण एजेंसी दबंगता पूर्वक सड़क निर्माण का कार्य कर रहे हैं। आदिवासी कृषक की जमीन को बिना अधिग्रहण किए ही किसानों के जमीन पर सड़क का निर्माण कर दिया है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों मिली भगत कर सहभागिता नजर आ रही है। आदिवासी कृषक द्वारा उसके कृषि भूमि में सड़क निर्माण ना करने के निवेदन को दरकिनार कर उसके जमीन में सड़क का निर्माण करा देना आदिवासियों पर अत्याचार है, जो बर्दाश्त नहीं करने की बात कहते हुए कृषक की भूमि से सड़क निर्माण के लिए डाले गए मटेरियल को जल्द हटवाने के लिए शासन प्रशासन से मांग करने की बात कही। समय पर कृषि भूमि से मटेरियल नहीं हटाने पर मुख्य मंत्री और केन्द्रीय मंत्री के पास शिकायत करने की बात कही है।

## सोरेन के बयान पर बिफरे सीएम साय ने कहा- आदिवासी समाज का अपमान न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उस बयान पर आड़े हाथों लिया है, जिसमें उसने भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टाम्प बताया है। इस बयान पर बिफरे सीएम श्री साय ने पलटवार करते हुए सोरेन परिवार को जनता को लूटकर गाढ़ी कमाई करने वाला परिवार कहा है। श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि देशभर में जिस तरह से भाजपा सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है, ऐसा इससे पहले कभी नहीं था। ऐसे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदिवासी मुख्यमंत्रियों के बारे में अनर्गल प्रलाप निंदनीय है। यह देशभर के आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान है। जीवनभर अपने कृत्यों से सोरेन परिवार जिस तरह आदिवासी समाज को बदनाम करता रहा है, वह भी निंदनीय है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भरने वाले सोरेन और उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता सबक सिखाने का मन बना चुकी है। यही कारण है कि अब वे समाज के प्रति ही अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू हो गए हैं। सोरेन परिवार के रिश्वत कांड को भी अभी तक जनता भूली नहीं है।



### अंतिम फैसला बाकी

मुख्यमंत्री ने कहा, श्री सोरेन को यह समझ लेना चाहिए कि महज जमानत मिल जाना अपराध मुक्ति का सर्टिफिकेट नहीं होता है। अंतिम फैसला अभी बाकी है। दरअसल आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और युवाओं के बीच भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से इंडी गठबंधन घबराया हुआ है। इसी कारण ऐसी बयानबाजी हो रही है। समाज को अपमानित करने वाले किसी भी बयान को जनता सहन नहीं करेगी और इसका माकूल जवाब देगी।




## पेज 9 के शेष

### लड़के ने की आत्महत्या..

ने रविवार को घर में अज्ञात कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने आत्महत्या क्यों की, यह जांच का विषय है। लेकिन, गुरुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वह बात-बात पर काफी आक्रोशित हो जाता था और चिड़चिड़ापन का शिकार था।

घटना के बाद मृतक के परिजन उसे गांव के सार्वजनिक मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें ईसाई धर्म अपनाने का आरोप लगाते हुए गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार करने पर विरोध करते रहे। विवाद बढ़ता देख तहसीलदार मौके पर पहुंचे जहां पुलिस और तहसीलदार की मौजूदगी में मृतक के परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार अपने खेत में ईसाई धर्म के अनुसार किया।

### सबको बुलाकर, नहीं ...

थाना प्रभारी गुरूर को जानकारी देने आना था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षद, व्यापारी एवं नगरवासी इंतजार करते रहे। जब ढ़ेड़ बजे तक थाना से कोई नहीं आया और न ही कोई सूचना आई तो सभी चले गए। लोग इंतजार करते रहे, लेकिन गुरूर थाना से कोई जानकारी देने भी नहीं पहुंचा कि थाने से कोई आएगा कि नहीं। दो बजे तब इंतजार के बाद प्रेस प्रतिनिधियों ने मामले की जानकारी एसडीएम पूजा बंसल को दी। उनके हस्तक्षेप के बाद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजेश बांगड़े शाम चार बजे जानकारी देने पहुंचे।

### दिन भर नदारद ...

व्यापारी व पार्षद सभी आए थे। जब थाना से कोई सूचना नहीं आई तो दो बजे तक सब चले गए। सभी बिना भोजन किए आए थे, सभी भूखे इंतजार कर रहे थे। सीएमओ व इंजीनियर कहा हैं मैं नहीं जानती। दोनों ने अवकाश का कोई आवेदन नहीं दिया है। दोनों ने ही कहीं प्रवास पर जाने की सूचना भी नहीं दी है। मैं लगातार दोनों को फोन लगा रही हूं, लेकिन दोनों ही फोन नहीं उठा रहे हैं।

### प्राथमिक शाला खर्रा में ...

ग्रामीणों ने कलेक्टर व डीईओ को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक की नियुक्ति करने मांग की गई है। वहीं, आगामी 15 जुलाई तक मांग पूर्ण नहीं होने के बाद शाला परिसर बंद करने की चेतावनी दी गई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.)

### राजस्व मामले में नोटिस प्रकाशन

**प्रति,**

1. टिकेन्द्र आ. प्यारेलाल जाति तेली 2. आयुष, अंकित ना.बा. पिता भावेन्द्र वली माँ मेदनी बाई 3. ओमशंकर पिता नीलेन्द्र 4. परमेश्वरी बेवा नीलेन्द्र 5. मलेन्द्र कुमार पिता दीनदयाल 6. पुष्पा पिता दीनदयाल 7. रेखाबाई पिता प्यारेलाल 8. कांतिबाई बेवा दीनदयाल 9. कलाबाई पिता प्यारेलाल 10. कीर्तन पिता प्यारे लाल 11. डामिन पिता प्यारेलाल 12. मीना बाई पिता प्यारेलाल 13. निर्मला बाई पिता प्यारेलाल सभी जाति तेली निवासी ग्राम चीचा, पो. गब्दी तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद

**विषय**- खाता विभाजन के संबंध में ।

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार आ. प्यारेलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम चीचा, प.ह.न. 007 तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद के द्वारा मौजा ग्राम चीचा स्थित भूमि खसरा नंबर खसरा 204, 309, 328, 407, 848, 856, 913, रकबा 0.26, 0.88, 0.42, 0.06, 0.39, 0.02, 0.88 हे. कुल खसरा 07 कुल रकबा 2.91 हे. लगान 15.53 रूपये आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को आवेदक एवं अनावेदकगण टिकेन्द्र आ. प्यारेलाल साहू अन्य 13 के मध्य उक्त आवेदित भूमि का 1/4 हिस्से में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदक खाता विभाजन किये जाने हेतु बी 1 नकल अन्य दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है।

उक्त खाता विभाजन संबंधी आवेदन की आगामी सुनवाई दिनांक 09.07.2024 को नियत है। आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.07.2024 को न्यायालय नायब तहसीलदार अर्जुन्दा को समय 11.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

नायब तहसीलदार
अर्जुन्दा, जिला-बालोद (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### व्याख्याता नरोत्तम को मिला पर्स, संबंधित व्यक्त को लौटाया



**बालोद।** सेजेस घोटिया में संस्कृत के व्याख्याता नरोत्तम यदु को 26 जून को एक महिला का पर्स मिला। पर्स में जमुना ठाकुर पति धनसिंग ठाकुर ग्राम मुंडरा (राहुद) जिला बालोद छत्तीसगढ़ नाम की एक महिला का आधार कार्ड एवं 5360 रुपए थे। शिक्षक श्री यदु ने अपने शिक्षक साथी टीकेश्वर सिन्हा की मदद से संबंधित महिला की जानकारी प्राप्त कर धमतरी चौक गुण्डरदेही में उक्त राशि महिला के पुत्र की उपस्थिति में लौटाई। श्री यदु की ईमानदारी पर प्राचार्य व शाला परिवार घोटिया ने हर्ष व्यक्त किया।

### बिखरते परिवार को जोड़ने में जुटी परामर्शदाता समिति

**रायपुर।** सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए महाराष्ट्र मंडल की परामर्शदाता समिति बिखरते परिवार को जोड़ने में जुटी हुई है। समिति के समक्ष रविवार को सुबह दो परिवारों के मामले आए। जिन्हें सुनने के बाद फरियादियों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया और उस परिवार के दोनों पक्षों के बीच सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान परामर्शदाता व स्वावलंबन समिति की समन्वयक शताब्दी पांडे, काउंसलर डॉ. मंजरी बक्षी, मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन व वरिष्ठ अधिवक्ता मनीषा भंडारकर ने दोनों ही परिवारों के दोबारा एकजुट होने का विश्वास जताया। शताब्दी ने बताया कि आज की काउंसिलिंग में प्रस्तुत दोनों मामलों में दोनों पक्षों को बुलवाया गया था, लेकिन दोनों ही मामलों में एक पक्ष सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुआ। एक पक्ष को सुना गया है। दूसरे पक्ष को अगली सुनवाई के लिए बुलवाया गया है।

### हटाए जाएंगे कब्जे बनाया जाएगा स्मार्ट

**रायपुर।** पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा विधायक राजेश मूणत नगर निगम के अधिकारियों के साथ रविवार सुबह रायपुर शहर के प्राचीन करबला तालाब पहुंचे। उन्होंने तालाब के अतिक्रमण हटाने के साथ रखरखाव और सौंदर्यीकरण को लेकर जरूरी निर्देश दिए। श्री मूणत ने नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ उज्जवल पोरवार, पार्षद अमर बंसल, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, एसडीएम नंद कुमार चौबे, जोन 7 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा सहित नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों के साथ करबला तालाब का निरीक्षण किया। श्री मूणत ने यहां तालाब की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल एक्शन जरूर लेने को कहा। उन्होंने अफसरों से कहा कि सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाएं और जरूरत पड़ने पर अमला भी बढ़ाएं। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। नियमित जांच करें, फील्ड में उतरें। श्री मूणत ने बताया, वे चाहते है कि करबला तालाब का सौंदर्यीकरण रायपुर शहर के लिए एक नजीर बने। उन्होंने भूमाफियाओं को चेतावनी देते हुए कहा, तालाब के किनारे अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को 15 दिवस के अंदर करबला तालाब का मॉडल तैयार कर प्रेजेंटेशन देने के निर्देश दिए।

### न्याय संहिता : थाना अंडा में दी गई तीन नए कानूनों की जानकारी

# किसी भी थाने में दर्ज करा सकेंगे एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्गग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के थाना अंडा में भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, और अपराधिक प्रक्रिया संहिता की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस लागू हो गई है। तीसरा भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए हैं। कानूनी रूप से अब फरियादी किसी भी थाने में एफआईआर करा सकेंगे। साथ ही ई-एफआईआर भी कराई जा सकेगी। लेकिन, फरियादी को तीन दिन में संबंधित थाने में पहुंचकर एफआईआर पर हस्ताक्षर करने होंगे। रविवार शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों ने नए कानूनों की जानकारी दी। इस दौरान नायब तहसीलदार डी.एस.बिसेन व अधिवक्ता छन्नु लाल साहू मौजूद थे।

अंडा थाना प्रभारी डा.बी.पी.साव ने बताया कि सात साल से कम अवधि के अपराध के मामले में 14 दिन में जांच कर जरूरी हुआ तो एफआईआर की जाएगी। उन्होंने नए कानूनों की जानकारी दी। जिला लोक अभियोजक पुराना कानून 1860 का बना था। अब बदलकर भारतीय न्याय संहिता 2023 बन गई है। पुराने कानून में 511 थी। अब 358 है। अधिवक्ता छन्नु लाल साहू ने नए कानूनों में हुए प्रावधानों के बारे में बताया। एएसआई तुलसी राम साहू बताया कि नए कानून में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषियों को फांसी की सजा तक दी जा सकती है। नाबालिग के साथ गैंगरेप करने को नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है। राजद्रोह को अब अपराध नहीं माना जाएगा।





**मॉब लिंचिंग के दोषियों को सजा:** इन नए कानून में मॉब लिंचिंग के दोषियों को भी सजा के प्रावधान हैं। जब 5 या उससे ज्यादा लोग जाति या समुदाय के आधार पर किसी की हत्या करते हैं तो उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। नए कानून में कम से कम सात साल की कैद की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच अब अनिवार्य हो गई है। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स अपराध वाली जगह से सबूतों को इकट्ठा और रिकॉर्ड करेंगे। भारतीय नागरिकों को न्याय प्रदान करने एवं कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाये गये हैं, सबके साथ सम्मान व्यवहार न्याय प्रदान , इलेक्ट्रानिक सबूत भी अब मान्य होंगे।

#### 19 गांवों के सरपंच व पुलिस अधिकारी कर्मचारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर अंडा सरपंच उमादेवी चन्द्राकर, उपसरपंच अमित चंद्राकर, रिसामा सरपंच गीता बैकुंट महानंद,जंजगिरी सरपंच रेखा अजय चतुर्वेदी,कुथरेल सरपंच प्रेरणा राजश्री प्रदीप चन्द्राकर,उप सरपंच लोमेश चंद्राकर, चिंगरी सरपंच पुष्पा देशमुख,आमटी सरपंच घनश्याम साहू,आलबरस सरपंच आशा देशमुख,निकुम सरपंच मुक्ति सुधाकर,तिरगा सरपंच घसिया राम देशमुख उपस्थित थे। साथ ही साथ ग्रामीण जन अजीत चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, अजय चौहान, पुकेश चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, हेमेंद्र चंद्राकर, पुकेश चन्द्राकर, बैकुंठ महानंद, जनपद सदस्य रूपेश देशमुख ,हेमकुमारी देशमुख, नन्द कुमार देशमुख, डी.पी.चंद्राकर, आर.के.योगी नन्द कुमार साहू , तेजराम चौहान सहित 19 गांव के सरपंच व जनप्रतिनिधि व सभी गांव के कोतवाल उपस्थित थे। अवसर पर एस आई तुलसी राम साहू, ए एस आई सुन्दर लाल नेताम, राघवेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण पात्रे,धन्नु राम,भागवत, कौशलेन्द्र बघेल, महिला प्रधान आरक्षक हेमलता ठाकुर, ,तृप्ति ध्रुवे,आरक्षक नितेश कुर्रे,रामेश्वर कोमा,,तेजेश्वर साहू,उमाकांत वर्मा , कुबेर सिंह, भवानी जगत,योगेश,सहित पुलिस सहित स्थानीय सम्मानित जनप्रतिनिधियों व्यापारी गण एवं नागरिक गण उपस्थित थे। मंच संचालन खिलेन्द्र संजू यादव व आभार प्रदर्शन एस आई सुन्दर लाल नेताम ने किया।

### शिक्षक लीलाधर ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**दल्लीराजहरा।** 1 जुलाई को शासकीय प्राथमिक शाला दारूटोला के बच्चों को शिक्षक लीलाधर ठाकुर ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया। इसके तहत सभी बच्चों को खीर, पूड़ी, चावल सब्जी, केला, सेब एवं मिठाई खिलाई गई। इस दौरान शिक्षक की पत्नी पदमिनी ठाकुर शिक्षिका भी न्योता भोज में शामिल हुईं। इस अवसर पर संस्था के प्रधानपाठक सोहन सिंह मरकाम, शिक्षिका प्रतिभा राजपूत उपस्थित थे।

### शासकीय हाई स्कूल सरेखा में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**बालोद/सिकोसा।** सरकारी स्कूल में सोमवार से नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ हुआ। शाला में प्रवेश लेने वाले नवीन विद्यार्थियों को शासकीय हाई स्कूल सरेखा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि शशि साहू, खिलावन साहू, थानसिंह देवदास, प्राचार्य दीपा साहू, अतिथिगण हेमलता नैथानी, कुमारी साहू, डॉ अनुपम मौर्य, शाला समिति के सदस्य पालक उपस्थित थे।

### सिकोसा में प्रवेश उत्सव पर बच्चों को खिलाई मिठाई



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय प्राथमिक शाला सिकोसा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम शासकीय प्राथमिक शाला के अध्यक्ष आरोप चन्द्राकर द्वारा सरस्वती मां की पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश दिया गया। बच्चों ने सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला के सभी सदस्य तथा पालक व माताएं उपस्थित थीं। स्कूल स्टाफ सीके ठाकुर, गीता चन्द्राकर, भूमिका देवांगन, मनीषा पटेल, मनीषा मेश्राम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समिति के सदस्य दिनेश पटेल, मोहनलाल साहु, दुर्गाशंकर उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला शास्त्री नगर में बच्चों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम पंचायत कसही लो. के आश्रित ग्राम शास्त्री नगर शासकीय प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया और पुस्तक तथा गणवेश का वितरण किया गया।

उसके बाद संकुल समन्वयक मोहित राम भौसार्य ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर शास्त्री नगर के सरस्वती महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों ने न्योता भोज कराया। इसके तहत खीर पूड़ी, चावल, दाल सब्जी, केला, पापड़, अचार बच्चों को खिलाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष भुनेश्वरी सेवता व उपाध्यक्ष दमयंतीन यादव एवं अन्य ग्रामीण व पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही संकुल केंद्र डौंडीलोहारा उत्तर के संकुल समन्वयक श्री भौसार्य ने निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निशुल्क गणवेश, छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों को अभी से नवोदय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष योजना के लिए बच्चों को तैयार कर पालकों से संपर्क कर उचित शिक्षा देने के लिए कहा। इस कार्यक्रम का संचालन स्कूल के प्रधानपाठक तेजस्वी नाथ योगी ने तथा शिक्षक दिलेश्वर साहू ने आभार व्यक्त किया।

## शासकीय विद्यालय अछोटी में बच्चों का किया गया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अछोटी में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर और उनका मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर ग्राम सरपंच दाऊ घनश्याम दिल्लीवार ने बच्चों और पालकों को विद्यालय एवं शिक्षा का महत्व बताया। प्रधान पाठक राधेलाल चन्द्राकर ने पालकों को बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही शाला की अन्य गतिविधियों में भी शामिल होने को कहा, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शाला में दी जाने वाली निशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में समस्त शाला स्टाफ, बच्चे, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अनेक पालक उपस्थित थे।

### अरमरीकला में किया गया पौधारोपण



**गुरूर।** ग्राम पंचायत अरमरीकला में ग्राम के शीतला मंदिर परिसर एवं माता तालाब के किनारे पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। भाजपा जिला मंत्री नरेश साहू ने बताया कि बरसात का मौसम आ गया है। आमजन अपने आस पास की जगह पर स्वच्छता अभियान चलाएं, जिससे समाज बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रहे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उपयुक्त स्थान देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक पेड़ अपनी मां के नाम की पहल को आगे बढ़ाते हुए पौधारोपण अभियान में हिस्सेदार बनें।

## डौंडीलोहारा में तीन नए कानूनों के संबंध में दी गई जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

थाना परिसर डौंडीलोहारा में संशोधित किये गये नए कानून को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएसपी नवनीत कौर तथा थाना प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद जयसवाल द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को नए कानून के संबंध में जानकारी दी गई। नए कानून को लेकर डीएसपी व थाना प्रभारी ने सरल भाषा में विस्तार से जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों के भ्रांतियों को भी दूर किया व नए कानून को 1 जुलाई से लागू होने की जानकारी दी। इस अवसर पर पावन देवांगन संवाददाता हरिभूमि, बलराम गुप्ता, राजू भंसाली, धीरेंद्र टांक, महावीर तातेड़, इस्लाम खान, स्थानीय नागरिक, सरपंच, कोटवार तथा थाना के स्टाफ उपस्थित थे।

## मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना करकाभाट में किया गया पौधारोपण, लगाए गए 400 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना करकाभाट में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां एक साथ 400 पौधों का पौधारोपण किया गया। इसके तहत 200 पौधे आम के व 200 पौधे, नीम, करण, अमरुद, कटहल के शामिल हैं।

पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिलाधीश इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल व कारखाने के एमडी राजेन्द्र प्रसाद राठिया, भाजपा के महामंत्री राकेश छोटू यादव, उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, भाजपा नेता छगन देशमुख, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास साहू, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पालक ठाकुर, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, ग्रामीण मंडल महामंत्री चित्रसेन, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संजय शानू, पूर्व कारखाना अध्यक्ष बलदू राम साहू, पूर्व सदस्य देवव्रत साहू, करीभदर सरपंच लीलाराम डढ़सेना, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष देवधर साहू, युवराज साहू व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

साथ ही एसडीएम शीतल बंसल, कारखाना महाप्रबंधक एलके देवांगन, मुख्य रासायनिक अधिकारी चंद्रजीत सिंह यादव, मुख्य अभियंता केपी सिंह, मुख्य गन्ना विकास अधिकारी हाकिम सिंह और कारखाने के सभी दैनिक व नियुक्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला भेड़ी में किया गया विद्यार्थियों का स्वागत



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला भेड़ी में नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर जनप्रतिनिधियों एवं शाला परिवार स्वागत किया। पर्यावरण संरक्षण के लिए परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर बच्चों न्यौता भोज मे खीर, पूड़ी परोसा गया। बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच रूखमणी राणा, शाला प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष हिम्मत सेन, संकुल समन्वयक मोहित भौसार्य, पुष्पा पांडे, सोनिया पांडे, ओमप्रकाश साहू, भूपेंद्र, नरेंद्र, भुनेश्वरी, अनसुईया, हेमलता, संस्था प्रमुख लेशकुमारी पटेल, वनिता पटेल, धर्मेन्द्र देशमुख व नागरिक उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर प्रधानपाठक गौरसिंह को दी गई विदाई





**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में प्रधान पाठक गौरसिंह निर्मल 16 वर्ष तक सेवा देने के पश्चात 1 जुलाई को अपने जन्मदिवस के दिन सेवानिवृत्त हुए। इस उपलक्ष्य में उन्होंने प्राथमिक शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को हलुआ और केला बांटा गया। साथ ही सभी बच्चों को पेन वितरण भी किया गया। सभी बच्चों और संकुल से आए हुए शिक्षकों द्वारा निर्मल का जन्मदिवस भी मनाया गया और उनके द्वारा शिक्षकीय कर्तव्यों को पूरा करते हुए आज के अंतिम दिवस को यादगार बनाते हुए उज्जवल स्वस्थ व दीर्घायु जीवन जीने की कामना करते हुए विदा किया गया।

इस अवसर पर झोफरा के सहायक शिक्षक बीके महतो के साथ संकुल डोंगितराई के शिक्षक जितेंद्र साहू, केशव साहू, संदीप शर्मा, रविनारायन तामस्कर, उदय कंवर, रोशन चेलक उपस्थित थे।

### 17 को देवशयनी एकादशी के बाद मांगलिक कार्यों पर लग जाएगा विराम

# इस माह 15 तारीख तक ही बजेगी शहनाई, फिर नवंबर में मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

हिंदू रीति रिवाज से शादी के मांगलिक मुहूर्त 9 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। ये मुहूर्त केवल 6 दिन तक रहेंगे। इसका कारण यह है कि अस्त चल रहे शुक्र ग्रह 5 जुलाई को उदित होंगे। उसके बाद ही मांगलिक मुहूर्त बनेंगे, क्योंकि विवाह का कारक शुक्र ग्रह को माना जाता है।

पंडित जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि 17 जुलाई को देवशयन एकादशी होने से मांगलिक कार्यों के शुभ मुहूर्त नहीं रहेंगे। इसके अलावा 17 जुलाई को ही चातुर्मास भी शुरू होंगे। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार देवशयन के बाद विवाह नहीं किए जाते हैं। करीब चार महीने बाद 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी से वापस शादियों के शुभ मुहूर्त का दौर शुरू हो जायेगा। इस वर्ष दिसंबर महीने तक केवल 16 दिन ही विवाह के मुहूर्त बन रहे हैं।



जुलाई माह में सिर्फ 5 दिन विवाह होगा। पंडित शर्मा ने बताया कि जुलाई में 5 दिन विवाह कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि जुलाई के बाद सीधे नवंबर व दिसंबर में विवाह होंगे। महाराज होमश्वर नाथ योगी के अनुसार नवंबर में 17,18, 22, 23, 24, 25, 26 27 को तथा दिसंबर में 2, 4, 5, 6, 7, 11, 12 14 तारीख विवाह विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। उन्होंने बताया कि जुलाई में आखिरी विवाह मुहूर्त 15 तारीख को रहेगा। 6 जुलाई से 15 जुलाई तक रहेगी गुप्त नवरात्रि 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू होगा जो 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर समाप्त होगा। 6 जुलाई से 15 जुलाई तक गुप्त नवरात्र विधान होंगे। इसमें दुर्गापाठ, मृत्युंजय जप, हनुमान उपासना आदि कार्य किए जाएंगे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐग्जीमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है